तकनीकी शिक्षा संचालनालय, मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल — 462 004

क्रमांक / यो / 05 / ए / 2009 / 84 /भोपाल, दिनांक 7 / 01 / 2009

प्रति,

समस्त प्राचार्य,
शासकीय / स्वशासी पोलीटेकनिक / महिला पोलीटेकनिक महाविद्यालय,
.... (म0प्र0)

विषय :— स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम में काउंसलरों को भेजे जाने बाबत्।

संदर्भ :— स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक—368 / 08, दिनांक 01 / 01 / 2009

—000—

विषयांतर्गत उपरोक्त संदर्भित पत्र में लेख है कि दिनांक 29 दिसम्बर—2008 को आयोजित समीक्षा बैठक में माननीय मंत्रीजी, तकनीकी शिक्षा एवं प्रशिक्षण विभाग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद केरियर मार्गदर्शन योजना के अन्तर्गत कॅरियर मार्गदर्शकों का प्रशिक्षण के शिविर का आयोजन **दिनांक 17 एवं 18 जनवरी—2009** को **उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, कलियासोत डेम, कोलार रोड़, भोपाल** में आयोजित किया जा रहा है। निर्देशानुसार आपकी संस्था से एक अधिकारी (व्याख्याता / विभागाध्यक्ष) को कॅरियर काउंसलर के उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु दिनांक 17 जनवरी—2009 को प्रातः 10.00 बजे के पूर्व उक्त निर्दिष्ट स्थान पर अनिवार्य रूप से उपस्थिति होना सुनिश्चित करें एवं इसकी सूचना आवश्यक रूप से संचालनालय तकनीकी शिक्षा को भी देवें।

कॅरियर काउंसलर हेतु भेजे जाने वाले अधिकारी अपनी 01 पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं निम्न प्रारूप में जानकारी के साथ प्रशिक्षण हेतु उपस्थिति होवें।

क्रं.	प्राचार्य एवं कॅरियर काउंसलर का नाम	संस्था का नाम	दूरभाष—कार्यालय / निवास	मोबाईल नम्बर	घर का पता	विषय विशेषज्ञता	ई—मेल एड्रेस
1	2	3	4	5	6	7	8
01							
02							

यदि प्रशिक्षण हेतु नामांकित कॅरियर काउंसलर / संस्था प्राचार्य का पूर्व में ई—मेल एड्रेस निर्माण नहीं किया गया है तो प्रशिक्षण में आने के पूर्व अपने ई—मेल एड्रेस का निर्माण अनिवार्य रूप से कर प्रशिक्षण के समय उपरोक्त प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

सभी संस्थाओं को स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना के कॅरियर कैलेन्डर के अनुपालन में त्रैमासिक प्रतिवेदन भेजना अनिवार्य है। अतः अपनी संस्था के त्रैमासी प्रतिवेदन को भी साथ में लावें।

आगामी कॅरियर सौपानों में संस्था की गतिविधियों को प्रमुखता के साथ प्रकाशित करने के लिये आपकी संस्था के विवेकानंद प्रकोष्ठ के द्वारा वर्ष भर में की गई गतिविधियों की सचित्र विस्तृत जानकारी पृथक से लाऐ।

संचालक, तकनीकी शिक्षा
मध्यप्रदेश.

Khan/Sec-05/Latter